दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : *dnpggkp@gmail.com*
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 14.02.2026

प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 14 फरवरी 2026 को दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर में **पुलवामा शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा** का आयोजन किया गया इस अवसर पर हिंदी विभाग के प्रभारी प्रोफेसर नित्यानंद श्रीवास्तव ने कहा की पुलवामा में हुआ आतंकी हमला एक कायराना कृत्य था। पाकिस्तान, भारत के साथ प्रत्यक्ष युद्ध में विजय प्राप्त नहीं कर सकता है इसलिए वह आतंकवाद के माध्यम से भारत को क्षति पहुंचाने का कार्य करता है। पुलवामा आतंकी हमला भी पाकिस्तान की इसी रणनीति का हिस्सा था, लेकिन भारत द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक तथा ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से स्पष्ट कर दिया कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध सख्त और कठोर कदम उठाने से जरा भी नहीं हिचकिचाएगा। आतंकवाद तथा आतंकवाद का पोषण करने वाले राज्यों के विरुद्ध उसकी नीति कठोर तथा प्रत्यक्ष कार्यवाही वाली रहेगी, जिससे भारत की सुरक्षा को मजबूती प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग के **प्रभारी डॉ. राम प्रसाद यादव ने** कहा कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद पाकिस्तान की नीति का प्रमुख हिस्सा रहा है, वह भारत के विरुद्ध समय–समय पर आतंकी कार्यों के माध्यम से क्षति पहुंचने कार्य करता है। भारत, पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देना जानता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि पाकिस्तान की सेना या उसके आतंकवादियों ने भारत पर जब–जब हमला किया है, प्रतिउत्तर उसे ही 'मुंह की खानी' पड़ी है। आज आतंकवाद संपूर्ण विश्व की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है फिर भी भारत ने जिस प्रकार से पाकिस्तान तथा उसके द्वारा पोषित आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई की गई है वह पूरी दुनिया के लिए एक उदाहरण है

उक्त कार्यक्रम में विभाग के शिक्षक डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह तथा डॉ. अंशुमान सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक श्री धीरज सिंह, डॉ. अनूप राय, श्री पीयूष सिंह, श्री जितेंद्र पांडे, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. अनिल भास्कर, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, डॉ. त्रिभुवन मिश्रा, डॉ. अवधेश शुक्ला, डॉ. राकेश कुमार तथा पुस्तकालय अध्यक्ष श्री नवीन सिंह सहित महाविद्यालय के कर्मचारियों ने शहीदों के चित्रों पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क